प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर 23 जनवरी । नेताजी सुभाषचन्द्र बोष की जयन्ती पर गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में पैस्फिक कालेज , रायपुर जंगल कौड़िया, गोरखपुर मे किया गया। श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक का रक्त वाहन (डोनेशन वैन) पूरी साज सज्जा के साथ रक्तदान स्थल रायपुर पर उपस्थित था। इस शिविर मे संस्था के छात्र , शिक्षक तथा कर्मचारीगण ही नही अपितु आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रो के नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के मुख्य टेक्निशीयन राजीव तिवारी ने रक्तदान शिविर मे महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति जो 18 से 65 वर्ष उम्र का हो हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से उपर, वजन 45 किलोग्राम तथा रक्तचाप 120/80 आवश्यक है । स्वास्थ्य जाॅच के बाद रक्तदान किया जाता हैं। समाज मे फैले विभिन्न प्रकार के भ्रांतियो को दूर करने का प्रयास किया गया। ब्लड बैक की काउन्सलर श्रीमती शोभा राय ने रक्तदाताओ से व्यक्तिगत संवाद करते हुए उन्हे भविष्य मे प्रत्येक तीन माह के अन्तराल पर रक्तदान करने की अपील की एवं लाभ बताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कैम्पीयरगंज के नगर मंत्री श्री अंकुर पाण्डेय ने बताया कि रक्तदान से कुछ भी नुकसान नहीं होता अपितु लाभ होते है, जैसे रक्तचाप सामान्य रहता है, हृदयघात मे कमी आती है इत्यादि। शिविर मे उपासना, राहुल, सोनल, सोनालाी सहित लगभग 35 लोेगो ने रक्तदान किया। गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के मेडिकल आफिसर डा0 सचिन ने सभी रक्तदाताओ तथा पैस्फिक कालेज के सदस्यो का कुशल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्लड बैंक के विकास मिश्रा एवं चाॅदनी गिरी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक के प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल के कुशल निर्देशन मे किया गया।